प्रश्न बैंक

विषय - गणित कक्षा - 5 वी

1

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

सही विकल्प चुनिए -

प्र० 1 एक अलमारी में 325 पुस्तके आती है, ऐसी 35 अलमारियों में कुल कितनी पुस्तकें आएगी?

प्र० 2 समकोण
(A) 360° (B) 2600 (C) 11375 (D) 17125

प्र० 2 समकोण की माप होती है

(A) 90° से कम (B) 90° (C) 90° से अधिक (D) 180°

प्र० 3 805 ÷ 5 का मान क्या होगा?
(A) 17 (B) 103 (C) 161 (D) 800

प्र० 4 संख्या 5,30,402 में 4 का स्थानीय मान है
(A) 4 (B) 40 (C) 400 (D) 4000

प्र० 5 संख्या 60032 में 3 का स्थानीय मान क्या है?
(A) 3 (B) 30 (C) 300 (D) 3000

प्र० 6 खाली बॉक्स □ में कौन सी संख्या लिखने पर बनने वाली भिन्न दी गई भिन्नों की तुल्य भिन्न हो जाएगी।

$\frac{2}{4} = \frac{4}{8} = \frac{6}{12} = \frac{8}{16} = \frac{22}{\square}$

(A) 22 (B) 14 (C) 44 (D) 40

प्र० 7 दी गई आकृति में छायांकित भाग पूर्ण का कौन सा भाग है -



(A) $\frac{8}{1}$ (B) $\frac{8}{4}$ (C) $\frac{1}{8}$ (D) $\frac{4}{8}$

प्र० 8 m को घड़ी की दिशा में आधा घुमाने पर यह दिखेगा -
(A) m (B) ≷ (C) w (D) ∑

प्र० 9 V को घड़ी की दिशा में आधा घुमाने पर यह दिखेगा -
(A) V (B) < (C) > (D) Λ

प्र० 10 12 के सभी अपवर्तक (गुणनखण्ड) क्या होंगे -
(A) 2,3,4,6 (B) 1,2,3,4,6 (C) 1,2,3,4,6,12 (D) 2,3,4,6,12

उत्तर (1) C (2) B (3) C (4) C (5) B (6) C (7) D (8) B (9) B (10) C

प्र. 11 इनमे से कौन- सा समकोण है।




प्र. 12 ▭ में कौन सी संख्या लिखने पर बनने वाली भिन्न दी गई भिन्न की तुल्य हो जायगी।

$\frac{1}{2} = \frac{2}{4} = \frac{3}{6} = \frac{4}{8} = \frac{15}{\square}$

(A) 30 (B) 15 (C) 20 (D) 384

प्र.13 नीचे दिए गए अंग्रेजी शब्दो में से कौन सा शब्द आधा घुमाने पर वैसा ही पढ़ा जायगा

(A) NOON (B) ZOOM (C) NO (D) MOON

प्र. 14 किसी कमरे का आकार 12 फीट × 12 फीट है, कमरे के फर्श का टाइल्स बिछाना है, 1 फीट × 1 फीट आकार के कितने टाइल्स लगेंगी।

(A) 12 टाइल्स (B) 144 टाइल्स (C) 24 टाइल्स (D) 120 टाइल्स

प्र. 15 निम्न मे से कौन सी संख्या पाँच हजार पाँच है :-

(A) 5050 (B) 5505 (C) 5005 (D) 50005

प्र. 16 घड़ी की सुइयों भी भिन्न-भिन्न माप के क्या बनाते है

(A) कोण (B) आकृति (C) त्रिभुज (D) वर्ग

प्र. 17 चार समान भुजाओं वाली एक बंद आकृति को किस रूप मे जाना जाता है।

(A) वर्ग (B) आयत (C) त्रिभुज (D) समकोण

प्र. 18 4 एवं 6 को साझा गुणज कौन सी संख्या है।

(A) 1 (B) 4 (C) 6 (D) 12

प्र. 19 1 पेंसिल की लम्बाई 6 मिली मीटर है तो पेंसिल की लम्बाई सेमी में कितनी है

(A) 6 cm (B) 0.6 cm (C) 0.06 cm (D) 60 cm

प्र. 20 घड़ी की सुइयों के बीच कितने बजे समकोण बनते दिखाई देते है।

(A) 2 बजे (B) 3 बजे (C) 12 9 बजे (D) 5 बजे

उत्तर (11) B (12) A (13) A (14) B (15) C (16) A (17) A (18) D (19) B
(20) B

प्र. 21 एक रोटी को तीन बराबर भागो मे बाटने पर प्रत्येक भाग रोटी का कितना हिस्सा (भाग होता है।)

(A) 1 (B) $\frac{2}{3}$ (C) $\frac{1}{4}$ (D) $\frac{4}{3}$

उत्तर $\frac{2}{3}$ (B)

22 सानू के पास 16 केले हैं उसने एक चौथाई भाग केले अपनी बहन को दिए बताइए उसके पास कुल कितने केले हैं

(A) $\frac{3}{4}$ (B) $\frac{1}{4}$ (C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{1}{6}$

हल — $\frac{1}{4}$ (B)

प्र 23 $\frac{1}{4}$ और $\frac{1}{8}$ मिलकर बनाते हैं

(A) 2 (B) 4 (C) 8 (D) $\frac{1}{2}$

हल A

प्र.24 $\frac{1}{4}$ का चित्रीय निरूपण है

A (B) (C) (D)



हल (C)

प्र 25 $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$ का मान है

(A) $\frac{1}{2}$ (B) 1 (C) $\frac{1}{4}$ (D) $\frac{2}{4}$

हल (B)

प्र 26 इनमें से कौन सी संख्या 7 का गुणज नहीं है

(A) 27 (B) 84 (C) 77 (D) 56

हल A

प्र-27 15 एवं 25 का सबसे छोटा साझा गुणज है

(A) 15 (B) 25 (C) 45 (D) 75

उत्तर D

प्र-28 मोनू ने 2 रुपये के सिक्के रूपये मांगे, सोनू ने 5 रुपये के सिक्के रूपये मांगे किस किस मूल्य का सिक्का दोनों को मिलेगा—

उत्तर (A) 2 (B) 1 (C) 5 (D) 1 व 2

हल (B)

प्र-29 24 एवं 36 का सबसे बड़ा साझा गुणनखण्ड है

(A) 12 (B) 18 (C) 24 (D) 36

हल A

प्र-30 6 व 9 के प्रथम साझा गुणज है

(A) 6 व 18 (B) 9 व 18 (C) 18 व 24 (D) 18 व 36

उत्तर D

प्र. 31 दिए गए पैटर्न की अगली संख्या क्या होगी ?
8, 16, 24, 32 ...
(A) 48 (B) 40 (C) 42 (D) 44
उत्तर B

प्र. 31 दिए गए पैटर्न का अगला पद क्या है
W | Ƽ | Σ | M | ...
(A) M (B) ↯ (C) W (D) Ʒ
हल (B)

प्र. 32 दिए गए पैटर्न की अगली संख्या क्या होगी -
1 2 3 5 8 13 ...
(A) 21 (B) 18 (C) 16 (D) 15
हल (A)

प्र. 33 दिए गए पैटर्न का अगला पद क्या होगा
1Z 3Y 5X
(A) 6Z (B) 6Y (C) 7W (D) 7V
हल C

प्र. 34 123, 345, 567 .. मे अगला पद होगा
(A) 567 (B) 789 (C) 123 (D) 678
हल B

प्र. 35 इनमें से मध्यप्रदेश का पड़ोसी राज्य कौन सा है?
(A) उड़ीसा (B) पंजाब (C) अरुणाचल प्रदेश (D) महाराष्ट्र
हल - D

प्र. 36 इनमें से कौन सा प्रदेश भारत की राजधानी से कम दूरी पर है
(A) हरियाणा (B) मध्यप्रदेश (C) गोवा (D) मणिपुर
हल - (A)

प्र. 37 अण्डमान निकोबार द्वीप के पास कौन सा राज्य है
(A) तमिलनाडु (B) गुजरात (C) उत्तराखण्ड (D) आंध्रप्रदेश
हल :- (A)

प्र. 38 ऐसा राज्य जिसमें कोई किसी भी ओर समुद्र नहीं है।
(A) महाराष्ट्र (B) मध्यप्रदेश (C) गोवा (D) कर्नाटक
हल - (B)

प्र. 39 एक घन में कितनी भुजाएं होती है।
(A) 10 (B) 6 (C) 8 (D) 12
हल - (D)

प्र-40 एक सेंटीमीटर 1 मीटर का कौन सा भाग है।
(A) $\frac{1}{10}$ (B) $\frac{1}{100}$ (C) $\frac{1}{1000}$ D $\frac{1}{10000}$.
हल - (B)

प्र. 41 15 रुपये 8 पैसे को रुपये में कैसे लिखा जाता है।
(A) 15.8 रुपये (B) 15.80 रुपये (C) 15.008 रुपये (D) 15.08 रुपये
हल - (D)

प्र-42 1 मिलीमीटर में कितने सेमी होते हैं।
(A) 10 (B) 100 (C) 0.1 (D) 0.01
हल (C)

प्र. 43 वर्ग की एक भुजा 4cm की है वर्ग का परिमाप होगा-
(A) 4cm (B) 8cm (C) 16cm (D) 20cm
हल - (C)

प्र-44 100 रुपये वाले 10 नोट मिलाकर कितने रुपये हो जाएगें
(A) 1000 रुपये (B) 1000 (C) 10000 (D) 100
हल - (B)

प्र-45 100 के ~~नोटो~~ ~~का~~ 35 नोटों का मूल्य कितना होगा ।
(A) ₹ 3500 (B) ₹ 135 (C) ₹ 100 (D) ₹ 35
हल (A)

प्र-46 123 का बीजांक क्या है।
(A) 12 (B) 6 (C) 33 (D) 3
हल (B)

प्र. 47 181 ÷ 5 में शेषफल क्या है।
(A) 1 (B) 5 (C) 181 (D) 0
हल (A)

प्र-48 5240 ÷ 10 में भागफल कितना है।
(A) 10 (B) 5240 (C) 52 (D) 524
हल - (D)

प्र० 49 ₹ 20, ₹ 100 का कौन सा हिस्सा है।
(A) 5 वाँ (B) 20 वाँ (C) 100 वाँ (D) 10 वाँ

हल — (A)।

प्र. 50 एक वर्ग की भुजा 3 cm है तो उसका क्षेत्रफल कितना होगा।
(A) 9 cm (B) 9 वर्ग cm (C) 12 वर्ग cm (D) 6 वर्ग cm

हल — (B)।

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए —

प्र. 51 किसी संख्या और शून्य का गुणनफल सदैव -- होता है।
प्र. 52 आयत का प्रत्येक कोण डिग्री का होता है।
प्र. 53 एक पूर्ण चक्कर में -- होते हैं।
प्र. 54 47 x 19 का मान -- होगा
प्र. 55 घनाभ में -- सतह होती हैं।
प्र. 56 लाल किले के मुख्य गेट को -- कहते हैं।
प्र. 57 1 वर्ष में -- महीने होते हैं।
प्र. 58 1 लाख की संख्या में -- शून्य होते हैं।
प्र. 59 समकोण का आधा भाग -- होता है।
प्र. 60 किसी भी त्रिभुज के तीनों कोणों योग -- होता है।

उत्तर (51) शून्य (52) 90° (53) 360° (54) 893 (55) 6 (56) लाहौरी गेट (57) 12 (58) 5 (59) 45° (60) 180°

प्र. (61) अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर X में -- कोण समकोण से कम है।
प्र. 62 घड़ी की सुइयां भी भिन्न - भिन्न माप के -- बनाती हैं
प्र. 63 -- वह लम्बाई जो किसी क्षेत्र की सीमा बताती है या कुल लम्बाई बताती है।
प्र. 64 किसी क्षेत्र की माप उस क्षेत्र का -- कहलाती है।
प्र. 65 दो या दो से अधिक भिन्नें जो पूरे का समान भाग निरूपित करती हैं -- भिन्नें कहलाती हैं।
प्र. 66 $2\frac{3}{4}$ में -- एक चौथाई होते हैं।
प्र. 67 -- पैसे एक रुपये का $\frac{1}{10}$ हिस्सा है।
प्र. 68 यह वृत्त -- बराबर भागों में बांटा गया है।
प्र. 69 8 माह एक वर्ष का -- भाग हैं।
प्र. 70 वह कोण जिसकी माप 0° से 90° के बीच है -- कोण है।

उत्तर-(61) 2 (62) कोण (63) परिधि (64) क्षेत्रफल (65) समतुल्य (66) 11 (67) 10 (68) 2 (69) $\frac{2}{3}$ (70) न्यूनकोण

प्र. 71 दिए हुए दो बिंदुओं की समीमिति रेखा का प्रत्येक बिंदु दिए हुए बिंदुओं से -- दूरी पर होता है
प्र. 72 समामित अक्ष के दोनों ओर आकृतियाँ -- जैसी होती हैं।
प्र. 73 आधा घुमाव + आधा घुमाव = --
प्र. 74 2 अंक वाली संख्या -- बताओ जो आधी घुमाने पर वैसी ही लगे।
प्र. 75  आकृति आधा घुमाने पर -- दिखेगी?
प्र. 76 3 और 5 का संख्या गुणज -- है।
प्र. 77 4, 6, और 5 का सबसे बड़ा गुणज -- है।
प्र. 78 प्रत्येक संख्या --- का गुणनखण्ड होती है।
प्र. 79 दो सम संख्याओं का गुणनखण्ड हमेशा -- होती है।
प्र. 80 दो विषम संख्याओं का गुणनखण्ड -- होती है।

उत्तर – (71) बराबर (72) एक (73) पूरा घुमाव (74) 11 (75)  (76) 15 (77) 60 (78) स्वयं (79) सम संख्या (80) विषम संख्या

प्र. 81 माचिस की डिब्बी का आकार --- होता है।
प्र. 82 घनाकार एवं घनाभाकार किसी भी प्रकार के डिब्बों की रचना -- प्रकार की होती है।
प्र. 83 वर्ग में -- भुजाएं होती हैं
प्र. 84 घनाभ में ~~सतहें~~ --- सतह होती है।
प्र. 85 वृत्त की -- भुजाएं होती हैं।
प्र. 86 888 g = -- kg
प्र. 87 1 पैसा रुपये का = --/ भाग है।
प्र. 88 30.5 cm बराबर होता है -- cm -- mm
प्र. 89 पानी के बर्तन में पानी को -- माप से नापते हैं।
प्र. 90 3000 cm = -- m

उत्तर – (81) घनाभाकार (82) त्रिआयामी (83) चार (84) छः (85) शून्य (86) .888 (87) सौवां (88) (89) लीटर (90) 30

प्र. 91 99 पैसे = --- रुपये
प्र. 92 75 पैसे = -- रुपये
प्र. 93 2 रुपये 50 पैसे = -- रुपये
प्र. 94 एक वर्ग की भुजा 2 cm है तो वर्ग का परिमाप --- होगा
प्र. 95 वर्ग का परिमाप = -- × भुजा
प्र. 96 आंकड़े कुछ सूचना देने के लिए एकत्रित की गई संख्याओं के -- होते हैं।

प्र. 97 संख्या 8 के लिए टैली चिन्ह -- होगा।

प्र. 98 घन का आयतन = --

प्र. 99 टैली चिन्ह  द्वारा प्रदर्शित संख्या -- होगी

प्र. 100 आकड़ों से कोई विशेष सूचना तुरंत प्राप्त करने के लिए -- चिन्हों का प्रयोग भी किया जाता है।

उत्तर - (91) ·99 रुपये (92) 0.75 रुपये (93) 2.50 रुपये (94) 8cm (95) 4×भुजा (96) संग्रह
(97)  (98) $(भुजा)^3$ (99) 14 (100) टैली।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्र. 1 एक बोरी में 50 किलोग्राम चावल है, ऐसी ही 8 बोरियों में कुल कितने किग्रा चावल आयेगा?

हल दिया है - 1 बोरी में चावल 50 kg
तो 8 बोरियों में चावल की मात्रा = 50×8 = 400 kg

प्र. 2 यदि एक फल विक्रेता 80 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सेब बेचता है तो 12 kg सेब बेचने पर उसे कुल कितने रुपये मिलेंगे?

हल 1 किग्रा सेब की कीमत = 80 रु.
∴ 12 किग्रा सेब की कीमत = 80×12 = 960 रु मिलेंगे।

प्र. 3 तीन भुजाओं वाली बंद और खुली आकृति बनाइए।

हल


प्र. 4 अंग्रेजी के कौन-कौन से बड़े अक्षर समकोण बनाते हैं बताइए

हल अंग्रेजी के बड़े अक्षर - E, F, H, L, T समकोण बनाते हैं।

प्र. 5 किसका क्षेत्रफल कम है — दो पांच रुपये के नोट को एक साथ रखकर बनी आकृति 100 रुपये के एक नोट से बनी आकृति?

हल 100 रु. एक नोट का क्षेत्रफल कम है।

प्र. 6 $\frac{1}{4}$ और $\frac{3}{4}$ भिन्न का योग ज्ञात कीजिए -

$$\frac{1}{4}+\frac{3}{4} = \frac{1+3}{4} = \frac{4}{4} = 1$$

प्र. 7 एक आयत को तीन बराबर भागों में बांटा गया है आयत का छायांकित भाग पूरे आयत को कितना होगा ?

हल



हल: आयत का $\frac{1}{3}$ भाग छायंकित है।

प्र. 8 यदि एक किलो टमाटर का मूल्य 20 रुपये है तो आधा किलो टमाटर का मूल्य क्या होगा ?

हल ∵ 1 किलो टमाटर का मूल्य = 20 रुपये

∴ $\frac{1}{2}$ kg टमाटर का मूल्य = $\frac{1}{2} \times 20 = 10$ रु

प्र. 9 अंग्रेजी वर्णमाला के ~~उन~~ उन वर्णों को लिखिए जो आधा घुमाने पर पहले जैसे ही दिखाई देते हैं।

हल H I, O वर्ण को आधा घुमाने पर पहले जैसे ही दिखते है।

प्र. 10 7, 14, 21, 28, 35 किस संख्या के गुणज हैं ?

उत्तर संख्या 7 के गुणज हैं।

प्र. 11 संख्या 4 के 5 प्रथम गुणज लिखिए

4 के प्रथम 5 गुणज = 4, 8, 12, 16, 20

प्र. 12 संख्या 6 के प्रथम 3 गुणज लिखिए –

उत्तर 6 के तीन गुणज – 6, 12, 18,

प्र. 13 संख्या 12 के सभी गुणनखण्ड लिखिए –

हल संख्या 12 के गुणनखण्ड = 1, 2, 3, 4, 6, 12 हैं।

प्र. 14 एक घन में कितने कोने होते हैं ?

हल एक घन में 12 कोने होते हैं।

प्र. 15 एक घन में कितनी सतह होती है।

उत्तर एक घन में 6 सतह होती है।

प्र. 16 अपने परिवेश से शंकु जैसी दिख रही किन्ही दो वस्तुओं के नाम लिखें

उत्तर शंकु जैसी वस्तुए — आइसक्रीम कोन व बर्थडे केप

प्र. 17 एक बेलनाकार आकृति खोलने पर बनने वाली आकृति बनाइए।

हल



प्र. 18 100 रुपये के खुल्ले लेने पर 10-10 रुपये वाले कितने नोट मिलेंगे ?

उत्तर 100 रुपये के नोट में 10 रुपये के 10 नोट होते हैं

निम्नलिखित को सेंटीमीटर में बदलिए

प्र. 19

I. 30 mm = II 20mm

हल 30mm = 3 cm 20 mm = 2cm

प्र. 20 राहुल 1m 10cm लम्बी कूद, कूदा इसे cm में कैसे लिखेंगे ?

उत्तर $1m = 100cm \Rightarrow$ ~~100+10cm~~

$1m\ 10cm = (100+10)\ cm = 110\ cm$

प्र. 21 निम्न को सेमी में बदलिए

प्र 21 1 मीटर 75cm

1 मीटर 75 सेमी = 175 सेमी

प्र. 22 3 मीटर 55 सेंटीमीटर = 355 से.मी.

प्र 23 4 मीटर 5 से.मी

हल 405 सेंटीमीटर

प्र. 24 एक शतरंज बोर्ड का क्षेत्रफल $400cm^2$ है तो उसका परिमाप ज्ञात कीजिए -

हल वर्गाकार शतरंज बोर्ड का क्षेत्रफल = $400\ cm^2$

वर्ग का क्षेत्रफल = $(\text{भुजा})^2 = 400$

$(\text{भुजा})^2 = (20)^2 \Rightarrow$ भुजा = 20 cm

वर्ग का परिमाप = 4 x भुजा

= 4 x 20 = 80cm Ans

प्र. 25 नीचे दिए गई तालिका में मीनल के जानवर की संख्या है, तालिका को पूर्ण करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

| जानवर | टैली चिन्ह | संख्या |
|---|---|---|
| गाय | | 12 |
| कुत्ता | | |
| बकरी | | 3 |
| बिल्ली | | 14 |
| | | 5 |

प्र. 25 मीनल के घर कितनी गायें है।
उत्तर मीनल के घर 12 गाये है।
प्र. 26 मीनल के घर कितनी बिल्लियाँ है।
उत्तर मीनल के घर 5 बिल्ली है
प्र. 27 मीनल के घर कुल कितने जानवर है।
उत्तर मीनल के घर कुल 34 जानवर है।
प्र. 28 ~~कुल~~ कुल कितने दुधारू जानवर है।
उत्तर (12 गाय + 14 बकरी) = 26 कुल 26 दुधारू जानवर है।
प्र. 29 कुत्तों की संख्या से बिल्लियों की संख्या कितनी अधिक है।
उत्तर बिल्लियों की संख्या, कुत्तो की संख्या से 5-3=2 अधिक है।
प्र. 30 $412 \div 2$

हल 2) 412 (206
-4
x1
0
12
-12
xx

$412 \div 2 = 206$ उत्तर

प्र. 31 यदि 4-4 लड़कियो की 6 कतारे है तो कुल कितनी लड़किया है।
हल 4-4 लड़कियों की कतारे = 6
लड़कियों की संख्या = $4 \times 6 = 24$ ⇒ उत्तर 24

प्र. 32 $965 \div 5$
हल 5) 965 (193
-5
46
-45
x15
-15
xx

प्र. 33 15 लीटर दूध की कीमत 750 रुपये है तो 1 लीटर दूध की कीमत क्या है
15) 750 (50
75
xx00
00
x

1 लीटर दूध का मूल्य = 50 रुपये

प्र. 34 एक लाख को अंको मे लिखिए

उत्तर 1,00000

प्र. 35 एक लाख की खरीदी करने के लिए अंशू ने 100 रुपये वाले नोट का उपयोग किया तो उसने खरीदी के लिए कितने नोट दिए होंगे

हल $\frac{100000}{100}$ = 1000 नोट दिए

प्र. 36 अपने परिवेश से ऐसी कोई तीन वस्तुओं के नाम बताइए जिसमें समकोण बन रहा हो।

उत्तर (i) पुस्तक (ii) दरवाजा (iii) टी.वी.

प्र. 37 अंग्रेजी वर्णमाला के कोई दो अक्षर लिखिए जिनमें समकोण बनता है।

उत्तर  S और U दो अक्षर है जिसमें समकोण बनता है।

प्र. 38 अंग्रेजी के अक्षर A मे कितने कोण समकोण से कम वाले बनते है?

हल  अंग्रेजी के A अक्षर मे तीन कोण समकोण से कम वाले बनते है।

प्र. 39 समकोण को परिभाषित कीजिए —

उत्तर समकोण :- 90° माप के कोण को समकोण कहते है।

प्र. 40 वर्ग का परिमाप और क्षेत्रफल क्या है।

उत्तर वर्ग का परिमाप = 4 x भुजा

वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा x भुजा या $(\text{भुजा})^2$

प्र. 41 आयत का क्षेत्रफल और परिमाप क्या है?

उत्तर आयत का क्षेत्रफल = ल. x चौ.

आयत का परिमाप = 2 [ल.+चौ.]

प्र. 42 $\frac{1}{5}$ की तीन समतुल्य भिन्न लिखिए -

उत्तर $\frac{1}{5}$ की तीन समतुल्य भिन्न —

$\frac{1}{5} \times \frac{2}{2} = \frac{2}{10}$ , $\frac{1}{5} \times \frac{3}{3} = \frac{3}{15}$, $\frac{1}{5} \times \frac{4}{4} = \frac{4}{20}$

प्र. 43 प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस पर परेड का स़ल्यूट कौन लेते हैं?

उत्तर प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति परेड का स़ल्यूट लेते हैं।

प्र. 44 संख्या 231 का बीजांक क्या है?

हल $2 + 3 + 1 = 6$ बीजांक 5 है।

प्र. 45 संख्या 1579 का बीजांक क्या है?

हल $1 + 5 + 7 + 9 = 22 = 2 + 2 = 4$ बीजांक है।

प्र. 46 यदि दूध की कीमत 50 रुपये प्रति लीटर है तो 2000 रुपये मे कितने लीटर दूध आएगा।

हल 1 लीटर दूध की कीमत = 50 रुपये

$\therefore \frac{2000}{50} = 40$ लीटर दूध

प्र. 48 एक घन का चित्र बनाइए

हल



प्र. 49 1 दिन के $\frac{1}{4}$ हिस्से मे कितने घण्टे होते है

उत्तर 1 दिन = 24 घण्टे $\Rightarrow 24 \times \frac{1}{4} = 6$ घण्टे

प्र. 50 1 दिन के $\frac{1}{2}$ हिस्से में कितने घण्टे होते है

1 दिन = 24 घण्टे

$24 \times \frac{1}{2} = 12$ घण्टे

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्र.1 1 कार एक घण्टे मे 60 किलोमीटर की दूरी तय करती है तो वह ढाई घण्टे मे कितनी दूरी तय करेगी।

हल 1 घण्टे में कार दूरी तय करती है = 60 किलो मीटर

ढाई घण्टे $(2\frac{1}{2})$ घण्टे मे तय दूरी $= 60 \times 2\frac{1}{2} = 60 \times \frac{5}{2}$

$= 150$ KM

प्र. 2 एक रेलगाड़ी 80 किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से चलती है तो 360 किलोमीटर तय दूरी तय करने मे कितना समय लगेगा।

हल रेलगाड़ी 1 घण्टे मे 80 किलोमीटर दूरी तय करती है

समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \frac{360}{80} = 4.5$ घंटे का समय

प्र.03 एक कुर्सी का मूल्य 350 रु है कुसुम ने 4 कुर्सी खरीदी 750 की एक मेज भी खरीदी। कुसुम दुकानदार को कितने रुपये देगी।

हल एक कुर्सी का मूल्य = 350

∴ 4 कुर्सियों का मूल्य = 350×4 = 1400 रुपये

1 मेज का मूल्य = 750 रुपये

कुल दिए गए रुपये = 750+1400 = 2150 रुपये

प्र.04 नीचे दिए गए कोण की माप लिखिए

I समकोण का आधा =

II समकोण का एक तिहाई =

हल I समकोण का आधा = $\frac{1}{2} \times 90° = 45°$

II समकोण का एक तिहाई = $\frac{1}{3} \times 90 = 30°$

प्र.05 मनोज के पास 1 रुपये के 100 सिक्के है उसने उसका $\frac{2}{5}$ भाग अपनी बहन निशा को दिया, बताइए निशा को कितने सिक्के दिए?

दिया है :- मनोज के पास 1 रुपये के 100 सिक्के हैं।

बहन को भाग दिया = अपने भाग का $\frac{2}{5}$

100 का $\frac{2}{5} = 100 \times \frac{2}{5} = 40$ सिक्के

प्र.6 एक स्कूल में प्रत्येक कालखण्ड 45 का होता है बताइए एक कालखण्ड एक घण्टे का कितना हिस्सा है।

हल प्रत्येक कालखण्ड का समय = 45, 1 घण्टा = 60 मिनट

एक कालखण्ड का हिस्सा = $\frac{45}{60} = \frac{3}{4}$

45 मिनट (एक कालखण्ड) का हिस्सा $\frac{3}{4}$ हिस्सा है।

प्र.7 आकृति को घड़ी की दिशा में एक चौथाई और आधा घुमाने पर बनने वाली आकृति बनाइए — आकृति P

हल एक चौथाई घुमाने पर —o, आधा घुमाने पर d

प्र.8 दो ऐसी आकृतियाँ बनाइए जिन्हें $\frac{1}{4}$ घुमाने पर पहले जैसे ही दिखें

हल



प्र.9 3 अंकों वाली ऐसी चार संख्याएं लिखिए जो आधा घुमाने पर वैसी ही लगे।

हल 101, 808, 111, 888

प्र.10 संख्या 3 एवं 4 के दो साझा गुणज लिखिए।







संख्या 3 के गुणज = 3, 6, 9, (12) 15, 18, 21, (24)

संख्या 4 के गुणज = 4, 8, (12) 16, 20 (24)

3 और 4 के साझा गुणज 12, 24 है।

प्र.11 10 और 15 का सबसे छोटा साझा गुणज लिखिए

हल







संख्या 10 के गुणज = 10, 20, (30), 40, 50

संख्या 15 के गुणज = 15, 30, 45, 60

संख्या 10 और 15 का सबसे छोटा साझा गुणज 30 है।

प्र.12 एक खेत का क्षेत्रफल 72 वर्गमीटर है, उस खेत की लम्बाई और चौड़ाई क्या हो सकती है।

हल खेत का क्षेत्रफल = ल × चौ.

अतः उस क्षेत्र का क्षेत्रफल 72 वर्ग मीटर = (36×2), (18×4), (24×3), (12×6), (9×8) लम्बाई चौड़ाई हो सकती है।

प्र. 13 25 और 35 के सभी साझा गुणनखण्ड लिखें

हल 25 के गुणनखण्ड = 1, 5, 25

35 के गुणनखण्ड = 1, 5, 7, 35

अतः 25, 35 के साझा गुणनखण्ड 1, 5 है।




प्र. 14 निम्न मीनार को पूर्ण कीजिए




संख्या मीनार को पूर्ण करने के लिए हमें 7 और 8 जोड़ने पर 15 प्राप्त हुए फिर 9 में से 5 जोड़ने पर 14 और 16 में 14 जोड़ने पर 30 होगा फिर 30 में 31 जोड़ने पर 61 होगा इस प्रकार यह मीनार पूर्ण हो जाएगी




प्र 15 यदि अंग्रेजी वर्णमाला A, B, C, D -- Z को क्रमशः 1, 2, 3, 4 -- 26 लिखा जाए तो HEAD को अंकों में क्या लिखा जायेगा।

हल यदि अंग्रेजी वर्णमाला A, B, C, D -- Z को 1, 2, 3, 4 -- 26 लिखा जाए तो H = 8, E = 5, A = 1, D = 4

HEAD = 8514

प्र 16 दी गई आकृति को मोड़ने पर बनने वाली आकृति का नाम बताइए



हल दी गई आकृति को मोड़ने पर बंद डिब्बे की आकृति बनेगी जो कि एक घन है

P.T.O.

प्र.17 एक पेंसिल की लम्बाई 100 mm है। पेंसिल की लंबाई cm में कितनी होगी

हल पेंसिल की ल. = 100 mm ⇒ 1 cm = 10 mm

1 mm = $\frac{1}{10}$ cm ⇒ 100 mm = $\frac{100}{10}$ cm

= 10 cm उत्तर

प्र.18 दिनेश की लंबाई 1 m 52 cm है, 2 m की लम्बाई तक बढ़ने के लिए दिनेश को कितना और बढ़ना होगा।

हल दिनेश की लंबाई 1 m 52 cm है या 152 cm

200 − 152 = 48 cm और बढ़ना पड़ेगा उत्तर

प्र.19 यदि एक पेंसिल की कीमत 3.50 रुपये है तो 1 दर्जन पेंसिल कितने रु. की होगी

हल 1 दर्जन = 12 नग,

1 पेंसिल की कीमत = 3.50 रुपये ∴ 12 पेंसिल की कीमत = 12×3.50

⇒ 42 रुपये उत्तर

प्र.20 एक वर्गाकार बगीचे की बाड़ की लम्बाई 32 मीटर है। कितनी बगीचे की एक भुजा कितनी लंबी होगी।

हल बगीचे की बाड़ की ल. = 32 मीटर ∴ बगीचे का परिमाप = 4×भुजा

= ~~4×32~~ ⇒ 32 = 4× भुजा

भुजा = 32/4 = भुजा = 8 मीटर

प्र.21 एक शतरंज बोर्ड का क्षेत्रफल 400 वर्ग से.मी. है तो उसका परिमाप बताइए।

हल: वर्गाकार शतरंज बोर्ड का क्षेत्रफल = 400 वर्ग cm

बोर्ड का क्षेत्रफल = भुजा × भुजा ⇒ 400 = (भुजा)$^2$

∴ भुजा = 20 cm ⇒

अतः वर्ग का परिमाप = 4× भुजा = 4×20 = 80 cm

प्र.22 वर्गाकार बगीचे की बाड़ की लम्बाई 20 मीटर, बगीचे की एक भुजा की लम्बाई ज्ञात कीजिए

हल बगीचे की बाड़ की लम्बाई = 20 cm, ∵ वर्गाकार बगीचे का घेरा = 4× भुजा

20 = 4× भुजा =

बगीचे की भुजा = $\frac{20}{4}$ = 5 मीटर

प्र.23 संगीता 3 अलग-अलग प्रकार के पराठे बनाते हैं और प्रत्येक प्रकार के पराठे में 4 अलग-अलग प्रकार के मसाले भरती हैं तो कुल कितने प्रकार के पराठे बनेगे।

हल अलग-अलग आकार के पराठे बनाती हैं = 3

अलग-अलग प्रकार के मसाले = 4

कुल पराठे = 3×4 = 12 उत्तर

प्र.24 मुस्कान के पास एक टोकरी में 112 गेंदे के फूल रखे हैं, उसे 8 फूलों वाली कुछ मालाएं बनानी हैं, कुछ कितनी मालाएं बना सकती है।

हल मुस्कान के पास कुल फूल = 112

8-8 फूल की मालाएँ बनाई

अतः मुस्कान कुल = $\frac{112}{8}$ = 14 मालाएं बनाएगी

प्र.25 मदन खेत में दवाई छिड़कने का काम करता है। उसे एक दिन की मजदूरी 275 रुपये मिलती है, उसे 52 दिन काम करने पर कितनी मजदूरी प्राप्त होगी।

हल :- मदन 1 दिन में कमाता है = 275 र

∴ 52 दिन में कमाएगा = 275×52 = 11,550 र (उत्तर)

प्र.26 अगर समीर का दिल एक मिनट में 71 बार धड़कता है तो वह दो घण्टे में कितने बार धड़केगा?

हल— समीर का दिल 1 मिनट में 71 बार धड़कता है।

1 घण्टे = 60 मिनट ∴ 2 घण्टे = 120 मिनट

= 120×71 = 8520 बार धड़केगा उत्तर

प्र.27 मेरे पास 50 पौधे हैं, मैं इन्हें 10 बच्चों में बराबर-बराबर बाँटना चाहता हूं प्रत्येक बच्चे को कितने पौधे देना होगा।

हल कुल पौधे = 50, बच्चों की संख्या = 10

प्रत्येक बच्चे को मिले पौधों की संख्या = $\frac{50}{10}$ = 5

5 पौधे उत्तर

प्र.28 सोहन हर रोज 12 गिलास पानी पीता है, वह वर्ष 2024 में कितने गिलास पानी पीएगा?

हल सोहन रोज पानी पीता है = 12 गिलास

1 साल = 366 दिन क्योंकि 2024 लीप वर्ष है।

वर्ष 2024 में पानी पिएगा = 366×12 = 4392 गिलास

Ans

प्र. 29 पानी की टंकी मे 500 लीटर पानी भरा है, इस पानी से 20 लीटर वाली कितनी बाल्टियाँ भरी जा सकती है।

हल पानी की टंकी पानी भरा = 500 लीटर

बाल्टियों की संख्या = 500 ÷ 20

20) 500 (25
-40
100
-100
×××

अतः 25 बाल्टियां भरी जा सकेगी।

प्र-30 एक गाडी मे 100 किग्रा की एक गेहूं की बोरी, 35 किलोग्राम की चावल की बोरी, 70 किलोग्राम की अलमारी तथा 20 किलोग्राम की एक मेज रखी है, गाड़ी मे कुल कितना सामान रखा है।

हल गेहूं की बोरी + चावल की बोरी + अलमारी + मेज

100
35
70
+ 20
225

⇒ 100 + 35 + 70 + 20 = 225 kg उत्तर

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्र 1 एक दूधवाला 20 पशुपालकों से 5-5 लीटर दूध एकत्रित करता है। एकत्रित दूध को वह 2-2 लीटर प्रति परिवार बांटता है वह कितने परिवारों को दूध बांटता है, यदि उसे 4-4 लीटर दूध प्रति परिवार बांटना हो तो अनुमान लगाइए कि कितने परिवारो में दूध बांट सकेगा।

हल — पशुपालकों से प्राप्त दूध = 5 लीटर

20 पशुपालकों से प्राप्त दूध = 5×20 = 100 लीटर

2 लीटर प्रति परिवार को बांटने पर = $\frac{100}{2}$ = 50 परिवार

4 लीटर प्रति० परिवार को बांटने पर = $\frac{100}{4}$ = 25 परिवार को दूध बंटेगा

प्र 2 समकोण, समकोण से अधिक और समकोण से कम माप के कोण बनाइए।

उत्तर I) समकोण — वह कोण जिसकी माप 90° होती है

P.T.O.




II समकोण से अधिक :- वह कोण जिसकी नाप 90° से 180° के बीच होती है।




III समकोण से कम :- जिसकी माप 0° से 90° के बीच होती है।




प्र. 3 समीर रात को ग्यारह बजे सोता है और सुबह 5 बजे उठता है बताइए वह दिन का कितना हिस्सा सोता है?

हल समीर रात को 11.00 बजे सोता है और 5 बजे उठता है

रात से सुबह तक का समय $= 11 - 5 = 6$ घण्टे

1 दिन $= 24$ घंटे

अतः समीर दिन का $\frac{6}{24} = \frac{1}{4}$ हिस्सा सोता है।

प्र. 4 मंजु के पास 12 चाकलेट थी, उसने एक चौथाई सरिता को, एक तिहाई ऊषा को और छठा भाग अर्चना को दिया, बाकि हिस्सा उसने खा लिया, मंजु को चॉकलेट का कौन सा हिस्सा मिला?

हल - मंजु के पास = 12 चाकलेट, सरिता को एक चौथाई दिए $= 12 \times \frac{1}{4} = 3$

ऊषा को एक तिहाई भाग दिए $= 12 \times \frac{1}{3} = 4$ चाकलेट

अर्चना को छठा भाग दिया $= 12 \times \frac{1}{6} = 2$ चाकलेट

कुल चाकलेट $= 3 + 4 + 2 = 9$ चाकलेट

मंजू को $12 - 9 = 3$ चाकलेट या $\frac{1}{4}$ मिला

$\frac{1}{4}$ हिस्सा मिला।

प्र. 5 यदि एक किलोग्राम भिंडी का मूल्य 12 रुपये है, राजू के पास 32 रुपये हैं तो क्या राजू 33 रुपये में $2\frac{1}{2}$ किलोग्राम भिंडी ले सकता है? यदि हां तो शेष कितने रुपये बचेंगे?

A.K.D.

हल 1 किलोग्राम लौकी का मूल्य = 12 रुपये है
कुल रुपये = 32 रुपये
2 किलो लौकी का मूल्य = 12×2 = 24 रुपये
इसी प्रकार $\frac{1}{2}$ लौकी का मूल्य = $12\times\frac{1}{2}$ = 6 रुपये
$2\frac{1}{2}$ किलो का मूल्य = 24+6 = 30 रुपये
राजू के पास बचे रुपये = 32−30 = 2 रुपये शेष

प्र. 6 6 एवं 8 के 100 से छोटे सभी साझा गुणज लिखिए
हल 6 के गुणज = 6, 12, 18, (24), 30, 36, 42, (48), 54, 60, 66, (72), 78, 84, 90, (96)
8 के गुणज = 8, 16, 24, 32, 40, (48), 56, 64, (72) 80, 88, (96)
संख्याएं 6 एवं 8 में चार संख्याएं 24, 48, 72, 96 समान हैं। जो 100 से छोटे साझा गुणज हैं।

प्र. 7 28, 42, एवं 56 का सबसे बड़ा साझा गुणनखण्ड ज्ञात कीजिए।
हल 28 के गुणनखण्ड = 1, 2, 4, 7, (14), 28
42 के गुणनखण्ड = 1, 2, 3, 6, 7, (14), 21, 42
56 के गुणनखण्ड = 1, 2, 4, 7, 8, (14), 28, 56
तीनों संख्याओं में 14 संख्या सबसे बड़ा साझा गुणनखण्ड है।

प्र. 8 20 रुपये के एक नोट की लंबाई और चौड़ाई का अंदाजा लगाइए फिर इसे नाप कर अंदाज और वास्तविक नाप का अंतर ज्ञात कीजिए।
हल 20 रुपये के नोट की लम्बाई एवं चौड़ाई अंदाज से = ल. 15 cm, चौ. 6.5 cm
नाप का अंतर = 15.0 − 14.7 = 0.3 cm = लम्बाई
चौड़ाई = 6.5 − 6.3 = 0.2 cm
अतः लम्बाई 0.3 cm एवं चौ. 0.2 cm है।

प्र. 9 एक पैंट बनाने में 1 मीटर 20 cm कपड़ा लगता है, ऐसे ही 7 पैंट बनाने में कितना कपड़ा लगेगा।
हल एक पैंट बनाने में कपड़ा लगता है = 1 मीटर 20 से.मी.
1 मीटर + 0.20 मीटर = 1.20 मीटर
7 पैंट बनाने में कपड़ा लगेगा = 7×1.20 = 8.40 मीटर
उत्तर

प्र. 10 24 सेंटीमीटर लम्बे पतले तार से एक आयत बनाया गया है अगर आयत की चौड़ाई 5 सेमी. है तो उसकी लम्बाई ज्ञात करो।

हल आयत का परिमाप = 24 cm, आयत की चौड़ाई = 5 सेमी

आयत का परिमाप = 2 × (ल + चौ) =

24 = 2 × (ल. + 5) = लम्बाई + 5 = 24/2 = 12

लम्बाई = 12 − 5 = 7 सेमी उत्तर

प्र. 11 एक आयताकार पोस्टकार्ड की लम्बाई 14 सेमी चौड़ाई 9 सेमी तो इसका परिमाप व क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

हल कार्ड की ल. = 14 cm, चौड़ाई = 9 cm

कार्ड का परिमाप = 2 (ल. + चौ.) = 2 × (14 + 9) = 2 × 23 = 46 सेमी

कार्ड का क्षेत्रफल = ल × चौ. = 14 × 9 = 126 सेमी² उत्तर

प्र. 12 वर्ग का परिमाप 24 सेंटीमीटर है, यदि वर्ग की भुजा 2 सेमी बढ़ा दिया जाए तो वर्ग का परिमाप कितना हो जाएगा

हल — वर्ग का परिमाप = 24 सेमी. ⇒ वर्ग का परिमाप = 4 × भुजा

⇒ 24 = 4 × भुजा ⇒ भुजा = 6 सेमी.

नये वर्ग की भुजा = 6 + 2 = 8 cm

अतः नये वर्ग का परिमाप = 4 × नये वर्ग की भुजा = 4 × 8 = 32 cm

परिमाप = 32 सेमी. उत्तर

प्र. 13 शालू का घर 16 मीटर लम्बाई और 6 मीटर चौड़ाई में बना है, सुरेश का घर 12 मी. लम्बाई और 8 मीटर चौड़ाई में बना है दोनों के घरों का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

हल शालू के घर की ल. = 16 मी चौ. = 6 मीटर

शालू के घर का क्षेत्रफल = ल × चौ. = 16 × 6 = 96 वर्ग सेमी

सुरेश के घर की ल. = 12 मीटर, चौ. = 8 मी

सुरेश के घर का क्षेत्रफल = ल × चौ = 12 × 8 = 96 वर्ग से मी

प्र. 14 सुरवी एक खेत पर काम करता है उसे एक दिन के ₹ 98 दिए जाते हैं अगर वह 52 दिन काम करे तो वह कितना कमाएगा ?

हल 1 दिन में कमाता है = ₹ 98

वह 52 में कमाएगा = ₹ 98 × 52 = ₹ 5096

सुरवी 52 दिन में ₹ 5096 कमाएगा। उत्तर

प्र. 15 एक बॉक्स 10 सेमी लम्बा, 10 सेमी ऊंचा और 10 सेमी चौड़ा, इस बॉक्स में 1 सेमी. 1 सेमी चौड़ा, 1 सेमी ऊंचे, 1 सेमी लम्बा पासे रखे जाने है, कुल कितने पासे रखे जा सकते है।

हल – एक बॉक्स का आयतन = ल० × चौ० × ऊ = 10 × 10 × 10 घन सेमी

इसी प्रकार का पासे का आयतन = 1 × 1 × 1 = 1 घन सेमी

अतः बॉक्स में रखे कुल पासे = $\frac{\text{बॉक्स का आयतन}}{\text{एक पासे का आयतन}} = \frac{10 \times 10 \times 10}{1 \times 1 \times 1}$

= कुल 1000 उत्तर

प्र. 16 एक हाथी के बच्चे का जन्म के समय वजन 90 कि.ग्रा. है यदि आपका जन्म के समय वजन 3 कि.ग्रा. था तो हाथी के बच्चे का जन्म के समय वजन का कितना गुना था?

हल हाथी के जन्म के समय वजन = 90 कि.ग्रा.

आपके जन्म के समय वजन = 3 कि.ग्रा.

आपके जन्म के समय से = 90 ÷ 3 = 30 गुना

अतः जन्म के समय के वजन का 30 गुना था।

प्र. 17 मिठाई के टुकड़े का वजन 50 ग्राम है एक डिब्बे मे 1 किलोग्राम मिठाई के टुकड़े रखे गए है, उस डिब्बे मे कितनी संख्या मे मिठाई के टुकड़े रखे गए है?

हल 1 टुकड़े का वजन = 50 ग्राम

डिब्बे में टुकड़ो की संख्या = $\frac{\text{1 कि. ग्राम}}{\text{50 ग्राम}} = \frac{1000\ gm}{50\ gm}$

= 20 ग्राम उत्तर

प्र. 18 एक बोरी उर्वरक की कीमत 450 रु है, दीपा के पास 1350 रुपये है, इस राशि से दीपा कितने बोरी उर्वरक खरीद सकती है?

हल दीपा के पास कुल रुपये = 1350 रु

1 बोरी उर्वरक की कीमत = 450 रु.

उर्वरक बोरी खरीद सकती है = $\frac{1350}{450} = 3$

अतः दीपा 3 बोरी उर्वरक खरीद सकती है उत्तर

प्र. 19 498 में 13 का भाग देने पर भागफल 38 और शेषफल 4 प्राप्त होता है, भाग के उत्तर की जाँच बीजांक द्वारा कीजिए।

हल भाज्य का बीजांक = (भागफल का बीजांक × भाजक का बीजांक) + शेष का बीजांक

498 का बीजांक = (38 का बीजांक * 13 का बीजांक) + 4 का बीजांक

3 = (2 × 4) + 4 ⇒ 3 = 8+4

3 = 12 ⇒ 3 = 3

अतः उत्तर सही है।

प्र. 20 एक दुकानदार ने 4525 संतरे खरीदे और उन्हें एक जैसे 25 डिब्बों में रखा। प्रत्येक डिब्बे में कितने संतरे रखे होंगे।

हल दुकानदार ने संतरे खरीदे = 4525

डिब्बों की संख्या = 25

प्रत्येक डिब्बे में संतरों की संख्या = $\frac{4525}{25}$

25) 4525 (181
  −25
  202
  −200
  ×× 25
    −25
    ××

अतः प्रत्येक डिब्बे में 181 संतरे रखे होंगे।